संपादक के नोट

पास्टर सरोजा म.

मैं तुम्हे हमारे प्यारे प्रभु येशु के नाम से इस जून महिने की बधाई देती हूँ। जून माता–पिता के लिए एक व्यस्त महिना हैं और बच्चों के लिए एक नई शुरुवात हैं। जून काले बादलों और बारिश का भी एक महिना हैं। लेकिन उम्मीद की सुन्हेरी किरण हमारा परमेश्वर हैं।

यशायाह ४५रू२–४ कहता हैं,– ***मैं तेरे आगे आगे चलूंगा और ऊबड़–खाबड़ स्थानों को चौरस करूंगा। मैं कांसे के फाटकों को टुकड़े टुकड़े करूंगा और लोहे के बेंड़ों को तोड़ डालूंगा। मैं तुझे अन्धकार में छिपा हुआ ख़जाना और गुप्त स्थानों में का गड़ा हुआ धन दूंगा, जिससे कि तू जान ले कि मैं यहोवा, इस्राएल का परमेश्वर हूं, जो तुझे तेरा नाम लेकर बुलाता हूं। अपने दास याकूब और अपने चुने हुए इस्राएल के कारण ही मैंने तुझे नाम लेकर बुलाया है। यद्यपि तू मुझे नहीं जानता था, फिर भी मैंने तुझे उपाधि दी है।***

अंधेरे में छिपे खज़ाने और रहस्यमय स्थलों में छिपे धन, आज, तुम्हारी आँख सक्षम नहीं यह देखने के लिए, लेकिन प्रभु तुम्हे यह दे सकता हैं और तुम्हे पदोन्नत कर सकता हैं। तुम शायद यह नहीं समझोगे लेकिन प्रभु ने यह केवल तुम्हारे लिए रखा हैं। खज़ाने को खोजने के लिए हमे प्रकाश के स्रोत की ज़रूरत हैं। वह प्रकाश परमेश्वर का वचन हैं।

उसका वचन हमारे पाँव के लिए दीपक और हमारे मार्ग के लिए रोशनी हैं। ***भजन संहिता ११९ रू१०५ तेरा वचन मेरे पाँव के लिए दीपक ; और मेरे मार्ग के लिए उजियाला है।***

आतमिक अंधेरे में ठोकर न खाने के लिए हमे केवल परमेश्वर का वचन ही नहीं बलकि हमे साहस, आत्मविश्वास और परमेश्वर में विश्वास की भी ज़रूरत हैं, केवल तब हम छिपे

खज़ाने को प्राप्त कर सकते हैं। भजन संहिता के रचईता ***भजन संहिता २३रू४*** में कहता हैं – ***चाहे मैं मृत्यु के घोर अन्धकार की तराई में होकर चलूं, फिर भी हानि से न डरूंगा, क्योंकि तू मेरे साथ रहता है ; तरी छड़ी और तेरी लाठी से मुझे शानति मिलती है।***

मेरे प्रिय लोगों ; आज तम्हारे मार्ग शायद अंधकार से घिरे होंगे जिससे तुम शायद ड़रते भी हो। हमारा प्रभु तुम्हे अंधकार में छिपे धन देगा और तुम्हारी अगुवाई करेगा । ***२ शमूएल २२रू२९*** कहता हैं – ***क्योंकि हे यहोवा, तू मेरा दीपक है, हां, यहोवा मेरे अनधियारे को उजियाला कर देता है।***

उन आशीषों को प्राप्त करने के लिए जिन्हे परमेश्वर ने तुम्हारे लिए रखा हैं, तुम्हे लड़ने के लिए और सारे बाधाँओं को तोड़ने के लिए सक्षम बनना हैं।

पीतल के दरवाज़े का अर्थ हैं विश्वास की घटी और लोहे की पट्टियों का अर्थ हैं ड़रपोकता।

इस्राएली लोग आनंद से कनान देश में आते हैं, लेकिन यरिहो के दिवारें और उसके पीतल के दरवाज़े और लोहे की पट्टियों ने उन्हे रोक दिया। वें जंगली साँड़ के बल प्राप्त करने की वचन पाएं लोग थे, लेकिन प्रश्न यह था कि इसे कैसे तोड़े। परमेश्वर के सलाह के अनुसार उन्हे शहर के गोल घूमना था, दिन में एक बार, छह दिनो के लिए, और सातवे दिन शहर के गोल घूमना था सात बार और जब याजकों ने तुरही फूँकी, लोगों ने बुलंद आवाज से चिल्लाया और यरिहो की दिवारें गिर पड़ी।

प्रिय बच्चों, आज बहुत–सी चीज़े तुम्हारे जीवन में बाधाँएं लाती होगी। लेकिन ज़ोर से प्रभु की स्तुति करो और तुम जान भी नहीं पाओगे कि पीतल के दरवाज़े और लोहे की पट्टियाँ कहाँ उड़ गए।

मीका २रू१३ कहता हैं – ***उनका बाड़ा तोड़ने वाला उनके आगे जाता है, वे खुलकर फाटक से बाहर निकल आते हैं। उनका राजा उनके आगे आगे चलता है, हां, यहोवा ही उनका अगुवा है।"***

जब तक शैतान मौजूद हैं, बाधाँएं तो रहेंगी लेकिन हमारा परमेश्वर जीवित हैं। वह उसे तोड़ेगा और तुम्हारे लिए मार्ग बनाएगा। तुम आश्चर्यचकित हो जाओगे। वह तुम्हे धन और खज़ाने देगा। परमेश्वर के प्रिय बच्चों, वह स्वर्ग की ख़िड़कियों को खोलेगा और उसके आशीषों को ऊँढ़ेलेगा। वह एक शक्तिशाली परमेश्वर हैं। वह तुम्हे आशीष देगा। उसके पास सारा सामर्थ और अधिकार हैं। प्रभु तुम्हारे लिए अच्छे खज़ाने खोलेगा। स्वर्गों के पृथ्वी

पर वर्षा देने के लिए उसके मौसमों के समय और तुम्हारे हाथों के कार्यों को आशिषीत करने के लिए और तुम बहुत–से दशों को दोगे और कभी किसी से नहीं लोगे।

पमेश्वर तुम्हे आशीष दे और सारे पाठकों को, उसके नाम की स्तुति और महिमा हो।

जब तक कि हम फिर मिलेंगे।

– पास्टर सरोजा म.